भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

13.09.2022

वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन की सुगमता

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) का उद्देश्य बीमा उद्योग में व्यवसाय करना आसान बनाना और पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा करना है। इस दिशा में, वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए, IRDAI ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) की आय से तत्काल वार्षिकी उत्पादों को लेने के लिए अलग प्रस्ताव फॉर्म जमा करने की आवश्यकता में ढील दी है। वर्तमान परिदृश्य में, एनपीएस सेवानिवृत्त लोग सेवानिवृत्ति के समय एनपीएस को एक एक्जिट फॉर्म और बीमाकर्ताओं को एक प्रस्ताव फॉर्म जमा करते हैं।

अब एनपीएस के एग्जिट फॉर्म को एन्युटी खरीदने के प्रस्ताव फॉर्म के रूप में माना जाएगा, जिससे वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ बीमा कंपनियों के समय और प्रयासों में कमी आएगी। साथ ही, प्रौद्योगिकी को अपनाने में वृद्धि करने के लिए, बीमाकर्ताओं को जीवन प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण अपनाने की सलाह दी गई है , जैसे जीवन प्रमाण , बायोमेट्रिक सक्षम डिजिटल सेवा पर भारत सरकार की पहल।

*****